

# कोरेक्स की ख़ाली शीशियों ने खोली प्रहार की पोल


## भीड़भाड़ भरे सेमरिया चौराहा के कचरे के ढेर में सिर्फ कप सिरप की खाली शीशी

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. प्रदेश सरकार और पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के द्वारा चलाया गया नशे के सौदागरों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार-2 शहर में पूरी तरह दम तोड़ता नजर आ रहा है। नशेड़ियों और अवैध तस्करों ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए शहर के सबसे व्यस्ततम और वीआईपी इलाके को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है।**

ताजा मामला शहर के बीचों-बीच स्थित सेमरिया चौक से सामने आया है, जिसने खाकी के सुरक्षा और मुस्तैदी के दावों को पूरी तरह खोल कर रख दिया है सेमरिया चौक स्थित सरकारी कौशल विकास केंद्र के ठीक सामने फ्लाईओवर के नीचे कचरे के ढेर में प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप कोरेक्स की सैकड़ों खाली शीशियां बिखरी पड़ी मिली हैं। एक तरफ सरकार जहां युवाओं को हुनरमंद बनाकर उनका भविष्य संवारने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर कौशल विकास केंद्र चला रही है, वहीं ठीक उसकी नाक के नीचे नशे का यह खूनी कारोबार फल-फूल रहा है। दिन के उजाले में कचरे के ढेर पर तैरती ये खाली शीशियां इस बात का पुख्ता सबूत हैं कि शहर में प्रतिबंधित सिरप की तस्करी और खपत किस खौफनाक पैमाने पर हो रही है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि फ्लाईओवर के नीचे का यह हिस्सा सूरज ढलते ही असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों के साम्राज्य में तब्दील हो जाता है। रात के समय यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं रहता, नागरिकों का कहना है कि जब शहर के मुख्य चौराहे, व्यस्ततम मार्केट और सरकारी केंद्र के सामने पुलिस व्यवस्था का यह हाल है, तो जिले के दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों की स्थिति कितनी भयावह होगी, इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। पुलिस के ऑपरेशन प्रहार-2 के तहत किए जा रहे धरपकड़ के बड़े-बड़े दावों को पूरी तरह कागजी साबित कर दिया है।

जनता अब सीधे पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है कि जब कोरेक्स सिरप पूरी तरह प्रतिबंधित है, तो इतनी भारी मात्रा में इसकी खेप शहर के बीचों-बीच आखिर किसकी शह पर पहुंच रही है।



### कौशल विकास केन्द्र के बाहर ही क्यों?

सेमरिया चौक और कौशल विकास केंद्र के आसपास दिनभर छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं का आना-जाना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुलेआम चल रहा नशे का यह खेल हमारी युवा पीढ़ी को गर्त में धकेल रहा है। अगर पुलिस ने जल्द ही कागजी कार्रवाई से बाहर निकलकर जमीनी स्तर पर इन नशा माफियाओं की रीढ़ नहीं तोड़ी, तो युवाओं का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा।

# प्री-मेंटेनेंस के दावों की खुली पोल

## चौबीस घंटे बाद भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैकआउट

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. गुरुवार को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए महज दो घंटे के चक्रवाती आंधी-तूफान और झमाझम बारिश ने बिजली कंपनी के निर्बाध आपूर्ति और प्री-मानसून मेंटेनेंस के तमाम दावों की कलई खोलकर रख दी। तेज हवाओं के चलते पूरा शहर देखते ही देखते घने अंधेरे के आगोश में समा गया।**

प्रमुख रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों में बिजली गुल होने से इस भीषण गर्मी के मौसम में शहरवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देर रात तक लोग उमस और गर्मी से बेहाल रहे।चक्रवाती आंधी की रफ्तार इतनी खौफनाक थी कि शहर से लेकर ग्रामीण तक कई मुख्य और अंदरूनी इलाकों में विशालकाय पेड़ और भारी भरकम डालियां उखड़कर सीधे हाईटेंशन लाइनों पर जा गिरीं। भारी वजन के कारण कई जगहों पर मुख्य तार टूटकर जमीन पर आ गए। कुछ क्षेत्रों में तेज हवा के थपेड़ों से तार आपस में टकराए, जिससे भयंकर चिंगारियां उठीं और शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। किसी बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए विभाग को आनन-फानन में कई फीडरों की सप्लाई को सुरक्षात्मक तौर पर बंद करना पड़ा। इसके अलावा दर्जनों इलाकों में ट्रांसफार्मर फुंकने और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना है। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने आनन-फानन में सभी तकनीकी टीमों और लाइनमैनों को अलर्ट मोड पर सक्रिय किया। कर्मचारियों को फॉल्ट ढूंढने और उन्हें दुरुस्त करने के लिए युद्धस्तर पर मैदान में उतारा गया, जो देर रात तक कड़ी मशक्कत के बाद शहर में लाइट को बहाल किया गया लेकिन चौबीस घंटे से ज़्यादा बीत जाने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली अभी तक कई जगहों में बहाल नही हो सकी है उसके लिए बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारी बहाल करने में लगे हुए है

### इनका कहना है

कई स्थानों पर भारी पेड़ और टहनियां गिरने से मुख्य सप्लाई लाइनें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हमारी तकनीकी टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ ग्राउंड पर काम कर रही हैं। बिजली आपूर्ति पूरी तरह से जल्द बहाल कर दी जाएगी

**प्रशांत सिंह**, अधीक्षण अभियंता

# पत्नी ने ही रची थी पति की हत्या की साजिश

## चित्रकूट में सती अनुसूया हत्याकांड का खुलासा

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. सती अनुसूया मंदिर रोड पर हुए सनसनीखेज हत्याकांड का चित्रकूट थाना पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक संजीव भाटिया की हत्या की साजिश किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी अनीता ने ही रची थी।**

मामले में चित्रकूट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित कुमार, शेरा खान और मृतक की पत्नी अनीता को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली। बताया जा रहा है कि पति की हत्या के लिए पत्नी ने दो लोगों के साथ मिलकर योजना बनाई और फिर वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था, लेकिन चित्रकूट थाना पुलिस की जांच टीम ने तेजी दिखाते हुए आरोपियों तक पहुंचकर मामले का खुलासा कर दिया। फिलहाल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। पुलिस अब हत्या के पीछे के कारणों और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की गहन जांच कर रही है।



### मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के पेंशनर एक साथ आंदोलन करेंगे

**सतना 12 जून.** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन मुख्यालय जबलपुर के नेतृत्व में दोनों राज्यों के 17 पेंशनर्स संगठन आगामी जुलाई 2026 माह में एक दिवसीय आंदोलन भोपाल और रायपुर में अपनी मांगों को पूरी कराए जाने के समर्थन में फेडरेशन के संयोजक एडवोकेट राजकुमार दुबे के नेतृत्व में करके शासन का ध्यान आकर्षित करेंगे यह जानकारी फेडरेशन के उपसंयोजक हरि प्रकाश गोस्वामी अध्यक्ष भारत पेंशनर समाज जिला सतना ने देते हुए बताया है की छठ में वेतनमान के अनुसार 32 महीने और सातवें वेतनमान का 27 महीने का पेंशन एरियर को भुगतान करने का छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश अनुसार भुगतान किया जाए.

# जंगल किनारे खड़ी कार में मिला 35 किला गांजा

## आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी का प्रयास कर रही पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना 12 जून. मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में जंगल किनारे खड़ी एक वैगनआर कार में 35 किलो गांजे की खेप पाई गई. पुलिस द्वारा गांजा व वाहन जब्त कर लिया गया है और संबंधित आरोपियों की पहचान करने के साथ साथ उन्हें दबोचने की कोशिशें जारी हैं.**

रामनगर थाना प्रभारी वियज त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जिगना-खोखरी मार्ग पर ग्राम खोडरी मोड़ के निकट दबिश दी. कुछ दूर पर जंगल के किनारे एक वैगनआर कार क्र. यूपी 64 एल 6036 खड़ी दिखाई दी. पास पहुंचने पर कार में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं मिला. लेकिन वहीं जब कार की जांच की गई तो बीच की सीट और डिग्गी में काले रंग की झालनुमा बोरी में कुल 37 पैकेट रखे मिले. जिन्हें खोलकर देखने पर गांजा भरा मिला. तौले जाने पर गांजे का वजन 35 किलो 90 ग्राम पाया गया. जिसकी कीमत 5 लाख 25 हजार रु आंकी गई.

संभावना जताई गई कि पुलिस या राहगीरों की गतिविधियों को देखते हुए गांजा तस्कर कार को छोड़कर वहां से भाग निकले होंगे. पुलिस द्वारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों की पहचान करने के साथ ही उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं.



# तमस नदी तट पर जन सहयोग से चला स्वच्छता महाअभियान

▸ कलेक्टर व निगमायुक्त सहित सैकड़ा भर से अधिक लोगों ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम सतना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कृपालपुर स्थित तमस नदी तट पर विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस और निगमायुक्त डॉ शेर सिंह मीणा द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई गई।**

सुबह 7:30 बजे प्रारंभ हुए इस अभियान में करीब 100 लोगों ने दो घंटे तक श्रमदान कर नदी तट की साफ-सफाई की तथा पिल्टा फॉर्म एवं करंज प्रजाति के 40 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के 25 स्वयंसेवकों सहित स्थानीय नागरिकों, निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने तमस नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र में फैले कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प कराया गया। अभियान के दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया।



### सतत जनभागीदारी आवश्यक

कलेक्टर सतीश कुमार एस. एवं आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीना ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि सतत जनभागीदारी से जुड़ा दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

# ड्यूटी के दौरान सफाई मित्र की मौत

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में मस्टर रोल पर कार्यरत एक सफाईमित्र की ड्यूटी के दौरान अचानक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही कर्मचारियों के बीच शोक की लहर दौ? गयी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सफाईमित्र सुभाष कुमार पिता स्वर्गीय जोगिंदर, निवासी बजरहा टोला, हर रोज की तरह वार्ड क्रमांक-34 प्रेमनगर क्षेत्र में सफाई कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद सहकर्मियों द्वारा उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नगर निगम स्वास्थ्य शाखा के कर्मचारियों द्वारा अपने स्तर पर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं नगर निगम प्रशासन की ओर से भी परिजनों को आर्थिक मदद दिए जाने की बात कही गई है।

**शोक व्यक्त किया-** सफाईमित्र सुभाष कुमार के आकस्मिक निधन पर महापौर योगेश ताम्रकार, नगर निगम आयुक्त डॉ शेर सिंह मीणा सहित निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।



# चेंबर चुनाव में डिगवानी पैनल ने किया प्रत्याशियों का ऐलान

नवभारत न्यूज

**सतना,12 जून. विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स के वर्ष 2026-28 के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी मुकाबले में अब दूसरे पैनल की भी औपचारिक घोषणा कर दी गई है। मनोहर डिगवानी पैनल ने विभिन्न पदों के लिए अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित करते हुए व्यापारियों से सहयोग और समर्थन की अपील की है।**

घोषित पैनल के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए मनोहर डिगवानी, महामंत्री पद के लिए मनोज कटारे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए कैलाश अग्रवाल (आमंत्रण), कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक जैन, मंत्री पद के लिए मनोज अरोरा, सहमंत्री पद के लिए रोहित अग्रवाल (लोहा) तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए कमल पुरस्वानी को उम्मीदवार बनाया गया है।पैनल की ओर से जारी अपील में समस्त व्यापारी बंधुओं से सभी प्रत्याशियों को सहयोग, समर्थन एवं मतदान कर विजयी बनाने का आग्रह किया गया है। पैनल की घोषणा के बाद विंध्य चैंबर चुनाव में मुकाबला और रोचक होने की संभावना बढ़ गई है।

# प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना के समन्वयन से न्यायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण योजना-2021 के अंतर्गत अमन श्रीवास्तव व द्विज सिंह सेंगर प्रशिक्षु व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सतना द्वारा शुक्रवार को केंद्रीय जेल का निरीक्षण किया गया।**

न्यायाधीशों द्वारा जेल की दंडित व विचाराधीन वारंट शाखा, तकनीकी शाखा, जेल कन्ट्रोल रूम, बंदी कानूनी सहायता केन्द्र, कल्याण शाखा, अष्टकोण शाखा, जेल स्कूल, लाइब्रेरी का भ्रमण कर जेल की शाखाओं में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई व संधारित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती फिरोजा सिंह, सहायक जेल अधीक्षक, अनिल प्रताप सिंह व जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।



# राणा का आकस्मिक निधन खेल जगत के लिए अपूर्णीय क्षति : अमित

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. भारतीय निशानेबाजी के गौरव, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता और स्टार निशानेबाज मनु भाकर के मुख्य कोच जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन खेल जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।**

उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सतना के राष्ट्रीय निशानेबाज अमित गोयल ने इसे भारतीय खेल इतिहास का एक अत्यंत दुखद दिन बताया है। अमित गोयल ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि जसपाल राणा जी ने न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का मान बढ़ाया, बल्कि एक उत्कृष्ट कोच के रूप में नई पीढ़ी को तैयार कर भारतीय शूटिंग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी ।





# रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. जीआरपी चौकी सतना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को रेलवे स्टेशन में सायबर जागरूकता अभियान का संचालन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र यात्रीगण, महिला यात्री एवं छोटे बच्चों को साइबर अपराधों से संबंधित ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी को नहीं देने का परामर्श देकर सोशल मीडिया पर साइबर के माध्यम से होने वाली घटनाओं से अवगत कराया गया।**

इस दौरान डिजिटल अरेस्ट के विषय में उदाहरण सहित विस्तृत जानकारी दी गई एवं ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए। सोशल मीडिया अकाउंट में मजबूत पासवर्ड रखने और उसे समय समय पर बदलने हेतु जागरूक किया गया। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सस्ते सामान के लालच में किसी भी वेबसाइट से सामान न खरीदते हुए केवल प्रामाणिक वेबसाइट से शॉपिंग करने हेतु बताया गया । साइबर अपराध होने पर 1930 टोल फ्री नंबर या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत करनी चाहिए। जीआरपी एमपी हेल्प ऐप डाउनलोड करने आदि जानकारी सहित अभियान के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कर जागरुक करते हुए अभियान का संचालन किया गया है। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी श्री राजेश राज, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सागर उपाध्याय, आरक्षक पिंटू पाल एवं चौकी का स्टाफ उपस्थित रहे ।

# जनकल्याण शिविर में 1820 आवेदनों का मौके पर निराकरण

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 जून. मंगल भवन धवारी में शुक्रवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 2022 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1820 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि 202 प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। प्राप्त आवेदनों में पेंशन एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जुड़े आवेदन सर्वाधिक रहे।**

डॉ. शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम सतना के निर्देशन एवं उपायुक्त सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार ने शिविर का निरीक्षण कर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया तथा नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, जलप्रदाय, स्वच्छता, कर, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया भी पूरी कराई गई। शिविर के दौरान अपर कलेक्टर विकास सिंह, अधीक्षण यंत्री एस.के. सिंह, पार्षद राजेश सूर्यवंशी, समाजसेवी बालकृष्ण शुक्ला सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बताया गया कि जनकल्याण शिविर का अगला चरण 13 जून को सामुदायिक भवन, भरहुत नगर तथा 14 जून को नई बस्ती में आयोजित किया जाएगा।



## एक नजर में



### सत्यनारायण त्रिपाठी हुए सेवानिवृत्त

**सतना.** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में पदस्थ लेखापाल सत्यनारायण त्रिपाठी ने 33 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, विदाई समारोह में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं लंबे समय तक प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी, इस दौरान डॉ अशोक द्विवेदी, डॉक्टर मयंक तिवारी, बीपीएम रविंद्र साकेत, बृजेंद्र सिंह, अर्चना समदड़िया, कोठी का समस्त मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।




### बढ़ते प्रदूषण पर भारतीय मजदूर संघ ने ज्ञापन सौंपा

**सतना,** औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान रखने वाले सतना जिले में लगातार बढ़ रहे वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण को लेकर भारतीय मजदूर संघ की पर्यावरण जिला इकाई ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में जिले के नागरिकों को गंभीर स्वास्थ्य संकट, जल संकट और पर्यावरणीय आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है।

### श्री कृष्ण रासलीला का समापन

**सतना ।** श्री संतधाम उदासीन आश्रम में महंत स्वामी ईश्वर दास उदासीन जी के सानिध्य में पिछले 27 दिन से चल रहे भक्ति अमृत महोत्सव की कड़ी में 12 जून शुक्रवार को श्री बालकृष्ण लीला संस्थान द्वारा आयोजित दिव्य एवं मनोहारी श्री कृष्ण रासलीला महोत्सव का श्रद्धा,भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। आश्रम की ओमप्रकाश उदासीन जी एवं विनोद गेलानी ने बताया भक्ति महोत्सव की अंतिम कड़ी में 13 जून से 15 जून तक कथाव्यास महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी द्वारा श्री गुरुवचननामृत एवं आशीष वचन।

